दिनांक 08.09.2024 समय: 2.10

# आकाशवाणी भोपाल

# दोपहर समाचार

## समाचार---

सीएम कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खण्डवा जिले के खालवा में जनजातीय वर्ग के होनहार विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य सरकार की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होकर विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे विद्यार्थियों सहित उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाने वाले चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इसमें भोपाल जिले के सौरभ सिंह और इन्दौर जिले के लोकेश पड़िगल का सम्मान किया जायेगा। ये दोनों विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई पूरी कर वापस आ चुके हैं। कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थी आशाराम पालवी को भी सम्मानित किया जायेगा।

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन इस महीने की 15 तारीख़ तक किए जा सकेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जनवरी में इस पुरस्कार का आयोजन करता है। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की जाएगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जस्विता, संकल्प, क्षमता और उत्साह को सम्मानित करना है। पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे पात्र हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर के विकास कार्यों के संबंध में बैठक कर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व तुलसी राम सिलावट , सांसद शंकर लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर उज्जैन को मिलाकर मेट्रोपोलेटियन के रूप में विकसित किया जाएगा।

मौसम

देश में एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां शुरू हो गई हैं। ट्रफ लाइन और लो प्रेशर एरिया की वजह से पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। आज शिवपुरी, श्योपुर समेत 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। 11 सितंबर से प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर जिलों में भी देखने को मिलेगा। प्रदेश में अब तक औसत 36.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 97 प्रतिशत है। अब तक भोपाल, ग्वालियर समेत 28 जिलों में सामान्य से ज्यादा यानी 96 प्रतिशत से 169 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। इनमें श्योपुर में सबसे ज्यादा 169 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। इंदौर,

उज्जैन और रीवा संभाग पिछड़े हुए हैं। रीवा में सबसे कम 60 प्रतिशत (23.3 इंच) बारिश ही हुई है।

साक्षरता दिवस

आज 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रह है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस दिवस का मकसद लोगों को साक्षर होने और सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! शिक्षा ही मनुष्यता को समृद्ध रख सकती है। आइए, ज्ञान की दिव्य–ज्योति से इस धरा को दीप्तिमान कर सशक्त, समर्थ और शिक्षित समाज के निर्माण का संकल्प लें। 'विकसित भारत' के लिए शिक्षा का प्रसार बहुत जरूरी है।"

सरकार इस्तीफा–टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा के सांसद जवाहर सरकार ने पद और राजनीति से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। श्री सरकार ने राज्य की मौजूदा स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने आर जी कर अस्पताल मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता का आक्रोश स्वाभाविक, अत्यधिक तथा गैर–राजनीतिक है और वे पीडिता के लिए न्याय चाहते हैं। श्री सरकार ने अपने पत्र में कहा है कि राज्य सरकार दोषियों को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त और त्वरित कदम उठाने में नाकाम रही है।

----------------

समाचार संक्षेप में...

## (1) सीएम कार्यक्रम

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खण्डवा जिले के खालवा में जनजातीय वर्ग के होनहार विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य सरकार की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होकर विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे विद्यार्थियों सहित उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाने वाले चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इसमें भोपाल जिले के सौरभ सिंह और इन्दौर जिले के लोकेश पड़गिल का सम्मान किया जायेगा। ये दोनों विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई पूरी कर वापस आ चुके हैं। कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थी आशाराम पालवी को भी सम्मानित किया जायेगा।**

(2) मुख्यमंत्री-इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर के विकास कार्यों के संबंध में बैठक कर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री  कैलाश विजयवर्गीय व तुलसी राम सिलावट , सांसद शंकर लालवानी  एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर उज्जैन को मिलाकर मेट्रोपोलेटियन के रूप में विकसित किया जाएगा।

(3) मौसम

देश में एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां शुरू हो गई हैं। ट्रफ लाइन और लो प्रेशर एरिया की वजह से पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। आज शिवपुरी, श्योपुर समेत 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। 11 सितंबर से प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर जिलों में भी देखने को मिलेगा। प्रदेश में अब तक औसत 36.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 97 प्रतिशत है। अब तक भोपाल, ग्वालियर समेत 28 जिलों में सामान्य से ज्यादा यानी 96 प्रतिशत से 169 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। इनमें श्योपुर में सबसे ज्यादा 169 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। इंदौर, उज्जैन और रीवा संभाग पिछड़े हुए हैं। रीवा में सबसे कम 60 प्रतिशत (23.3 इंच) बारिश ही हुई है।

(4) साक्षरता दिवस

आज  'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रह है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस दिवस का मकसद लोगों को साक्षर होने और सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! शिक्षा ही मनुष्यता को समृद्ध रख सकती है। आइए, ज्ञान की दिव्य-ज्योति से इस धरा को दीप्तिमान कर सशक्त, समर्थ और

शिक्षित समाज के निर्माण का संकल्प लें। 'विकसित भारत' के लिए शिक्षा का प्रसार बहुत जरूरी है।"

-----